# कार्यालय जिला कलक्टर एंव अध्यक्ष ,आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ,अलवर

क्रमांक/सहा/2021 /871 दिनांक 20-4-21

श्रीमान शासन सचिव,
आपदा प्रबंधन सहायता एंव नागरिक सुरक्षा विभाग,
राज0 जयपुर।

विषयः– कोविड–19 मे आवश्यक व्ययो की पूर्ति हेतु बजट आवंटन करने बाबत
संदर्भः– इस कार्यालय को पूर्व पत्रांक 713 दिनांक 17.04.2021

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि कोविड–19 सक्रंमण के मामलो मे निरन्तर वृद्धि दर्ज की जा रही है कोरोना सक्रमण की तेज रफतार एंव भयावह प्रकृति से मानव जीवन एंव स्वास्थ की रक्षा हेतु गृह विभाग राजस्थान सरकार के आदेश क्रमांक प033(2)/गृह–19/2019 दिनांक 21.03.2021, 31.03.2021 ,14.04.2021 एंव 16.04.2021 के क्रम मे जारी दिशा निर्देशो के क्रम मे विभिन्न व्यवस्थाए यथा कोविड केयर सेन्टरो की स्थापना, माईक्रो कन्टेन्मेन्ट जोन ,कोविड प्रोटोकोल की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने ,चिकित्सीय व्यवस्था एंव चिकित्सको/नर्सिग कर्मियो/सक्रमितो के भोजन आदि की व्यवस्था की जानी है। अलवर जिले की वृहद भोगोलिक स्थिति जिसमे 15 उपखण्ड एंव 17 तहसीले है, मे उक्त व्यवस्थाए सुनिश्चित की जानी अतिआवश्यक है साथ ही जिले की अन्य राज्य से लगती सीमाओ पर भी आरटीपीसीआर जांच आदि अस्थाई कैम्प लगाये गये है , जिनमे आवश्यक व्यवस्थाए की गई है।

भारत सरकार के पत्रांक 33–04/2020–एनडीएम–1 दिनांक 15.04.2021 के निरन्तर मे निदेशालय चिकित्सा एंव स्वास्थ्य सेवाऐ जयपुर द्वारा जारी पत्रांक 189 दिनांक 18.04.2021 के अनुसार राज्य आपदा मोचन निधि के तहत स्वीकृत वार्षिक बजट का 50 प्रतिशत इस महामारी के प्रबंधन मे करने का प्रावधान किया गया है। उक्त प्रावधानो के अनुसरण मे अलवर जिले मे कोविड–19 महामारी की रोकथाम एंव बचाव हेतु निम्नानुसार राशि की आवश्यकता है।

| S r | Details | Amont in lakhs |
|---|---|---|
| 1 | Provision for temporary accommodation , food , clothing, medical care etc for people affected and sheltered in quarantine camps (other than home quarentine) or for cluster containment operations | 300.00 |
| 2 | Cost of consumable food sample collection | 50.00 |
| 3 | Support for checking screening and contact tracing | 50.00 |
| 4 | Cost of setting up additional testing laboratories with in the government and the cost of consumables | 150.00 |
| 5 | Cost of personal protection equipment for health care , municipal and fire authorities | 100.00 |
| 6 | Cost of thermal scanners , ventilaters or purifiers and consumables for government hospitals | 150.00 |
| 7 | Relief measures provision for temporary accommodation food , clothing medical care etc (for homeless people and migrant labours etc) | 150.00 |
| | Total | 950.00 |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्तानुसार संभावित व्ययो की पूर्ति हेतु एसडीआरएफ मद 2245–02–282–07–01 उपमद 22 मे कोविड–19 हेतु रुपये 950.00 लाख का अग्रिम आवंटन कर अनुग्रहित करे ताकि कोरोना महामारी से बचाव हेतु व्यवस्थाए सुनिश्चित की जा सके।

भवदीय,
20.04.2021
(एन.एम पहाडिया)
जिला कलक्टर, एंव जिला मजिस्ट्रेट
एंव अध्यक्ष आपदा प्रबंधन प्राधिकारण ,अलवर

Scanned by CamScanner